समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना

# आवासगृहों के निर्माण में गति लाएं, अप्रारंभ कार्यो को 20 जुलाई तक प्रारंभ कराएं–आयुक्त

(आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने अभियंताओं की बैठक लेकर की पी.एम.ए.वाई. आवासगृहों के निर्माण कार्यप्रगति की समीक्षा)



कोरबा 04 जुलाई 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निगम अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित किए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्यो में त्वरित गति लाएं तथा अप्रारंभ कार्यो को 20 जुलाई तक अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराएं। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर नजर रखें तथा कार्यो की सतत मानीटरिंग सुनिश्चित करें।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री दुबे ने पी.एम.ए.वाई. आवासगृहों के निर्माण की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज आयुक्त श्री दुबे ने अभियंताओं की बैठक लेकर पी.एम.ए.वाई. योजना के मोर जमीन–मोर मकान बी.एल.सी.घटक अंतर्गत निर्मित किए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जोनवार समीक्षा करते हुए अभियंताओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो में अपेक्षित गति लाएं तथा अप्रारंभ कार्यो को 20 जुलाई तक अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराएं। बैठक के दौरान योजना के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजनांतर्गत 136 आवासगृहों के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं 523 आवासगृहों का निर्माण कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रगति पर है। उन्होने बताया कि 137आवासगृह छत लेबल तक, 162 आवासगृह प्लिंथ लेबल तक पहुंच चुके हैं तथा 224 आवासगृह फाउण्डेशन लेबल पर हैं। आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निर्देश देते हुए कहा कि जो आवासगृह वर्तमान में छत लेबल तक बन चुके हैं, उन्हें 20 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं, साथ ही प्लिंथ लेबल के आवासगृहों को छत लेबल तक एवं फाउण्डेशन लेबल वाले आवासगृहों के निर्माण कार्य को प्लिंथ लेबल तक लाने तेजी के साथ कार्य कराएं।

**गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं**– आयुक्त श्री दुबे ने अभियंताओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आवासगृहों के निर्माण में गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है, अतः गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री का उपयोग कार्य में किया जा रहा है। निर्माण के दौरान संबंधित अभियंतागण कार्य की सतत रूप से मानीटरिंग करें तथा गुणवत्ता को सुनिश्चित करें। उन्होने संबंधित अभियंताओं, सी.एल.टी.सी. एवं पी.एम.सी. के उपस्थित कर्मचारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान योजना के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा के साथ ही सहायक अभियंता एन.के. नाथ, उपअभियंता आकाश अग्रवाल, अभय मिंज, हरिशंकर साहू, सोमनाथ डाहिरे, सी.एल.टी.सी. रितेश राठौर, हर्ष छत्रवाणी, पी.एम.सी. अहसान सिद्दिकी, कौशल साहू, विजय साहू, घनश्याम साहू, प्रमोद देवांगन, अजय सिंह, सतीश शर्मा आदि के साथ अन्य अभियंता व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**<u>मिशन क्लीन सिटी व स्वच्छता कार्यो की समीक्षा</u>** – एक अन्य बैठक में आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने मौसमी बीमारियों की संभावना एवं उसके रोकथाम की दिशा में निगम द्वारा उठाए जा रहे कदमों तथा मिशन क्लीन सिटी के कार्यो एवं नगर के साफ–सफाई के जुड़े कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने स्वच्छता विभाग से जुड़े अधिकारियों, निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि चूंकि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, अतः मौसमी व जलजनित बीमारियों की संभावना को देखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जाए, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को त्रुटिरहित रूप से संपादित करते हुए शत प्रतिशत घरों से डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य सुनिश्चित किया जाए, नालियों की निरंतर सफाई, कीटनाशक दवाओं का आवश्यकतानुसार छिड़काव सहित अन्य एहतियाती कदम उठाए जाएं। उन्होने कहा कि साफ–सफाई कार्यो में सलग्न वाहनों व अन्य संसाधनों का पूरा–पूरा उपयोग करें, आवश्यकतानुसार संसाधनों को बढ़ाएं तथा बेहतर साफ–सफाई कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता विवेक रिछारिया आदि के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।